an>

Title: Need to start work on Belwai Reservoir Project in Sasaram parliamentary constituency, Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): माननीय प्रधान मंत्री ग्राम सिंचाई योजना से किसानों के जीवन में जिस आशा एवं उत्साह का संचार हुआ है, वह अकल्पनीय है और किसान इससे जल्द से जल्द लाभान्वित होना चाहते हैं। इसी संदर्भ में, मैं अपने संसदीय सासाराम (बिहार) क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण "बेलवई जलाशय योजना" को शीघ्र चालू कराने हेतु सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ।

ज्ञातव्य हो कि "बेलवई जलाशय योजना" का निर्माण कार्य लगभग 35 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, परन्तु पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार सरकार द्वारा वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम के तहत इस परियोजना के कार्य को स्थगित कर दिया गया तथा इसके चलते लगभग 35 हजार हैक्टेयर भूमि सिंचाई से वंचित है। अब भारत सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में इस तरह स्थगित की गयी योजनाओं को पुनःशुरू किया जाना है।

अतः सरकार से विशेष आग्रह है, कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त "बेलवई जलाशय योजना" के निर्माण कार्य पर पर्यावरण एवं वन विभाग, बिहार सरकार द्वारा लगाई गयी रोक को हटाने हेतु शीघ्र संबंधित मंत्रालय को निर्देशित किया जाए, ताकि इस योजना का निर्माण कर किसानों की लगभग 35 हजार हैक्टेयर भूमि की सिंचाई की जा सके।